
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 12 मई

1. **अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस–** यह दिवस नर्सों के सम्मान में वर्ष 1965 से मनाया जाता रहा है। अमेरिका के स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग के एक अधिकारी डोरोथी सुदरलैंड ने पहली बार नर्स दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसकी घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति ड्विट डी. आइजनहावर ने की थी। जनवरी, 1974 में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की गई। दूसरी बात यह है कि इसी दिन 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगल का जन्म दिन भी है। हर साल 12 मई को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 1973 में भारत सरकार के परिवार एवं कल्याण मंत्रालय ने किया।
2. **जोधपुर शहर की स्थापना–** जोधपुर राजस्थान का दूसरा बड़ा शहर है। राव जोधा ने 12 मई, 1459 ई. में आधुनिक जोधपुर शहर की स्थापना की थी। जोधपुर को सूर्य नगरी के नाम से भी जाना जाता है। जोधपुर के मेहरनगढ़ दुर्ग के चारों तरफ बने हजारों नीले मकानों के कारण जोधपुर को नीली नगरी भी कहा जाता है।

Sunday




/teachersofbihar

*Madhu priya*

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई




यह दिन हर वर्ष फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की वर्षगांठ के तौर पर मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को विश्व की पहली नर्स कहा जाता है। उन्होंने क्रीमियन युद्ध के दौरान लालटेन लेकर घायल ब्रिटिश सैनिकों की देखभाल की थी। इस वजह से इन्हें लेडी विद द लैंप भी कहा गया। मरीज की जिंदगी बचाने में जितना योगदान डॉक्टर्स का होता है, उतना ही एक नर्स का। नर्स अपनी परवाह किए बिना मरीज की तन-मन से सेवा कर उनकी जान बचाती है। अपने घर और परिवार से दूर रहकर मरीजों की दिन रात सेवा करती है। नर्सों के साहस और सराहनीय कार्य के लिए यह दिवस मनाया जाता है।फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को हुआ था। उन्हें आधुनिक नर्सिंग का संस्थापक भी माना जाता है। अतः इस दिवस को मनाने का इससे अच्छा विकल्प क्या हो सकता था। इसलिए स्वास्थ्य सेवा में उनके इस अहम् योगदान के लिए 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाने की घोषणा की गयी।अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2023 का थीम हमारी नर्सें हमारा भविष्य रखा गया है।

# जयंती विशेष 12 मई

राकेश कुमार




**फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल** *Florence Nightingale*, जन्म- 12 मई, 1820; मृत्यु- 13 अगस्त, 1910) 'आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन की जन्मदाता' मानी जाती हैं। प्रेम, दया व सेवा-भावना की प्रतिमूर्ति फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल "द लेडी विद द लैंप" (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। हर वर्ष 12 मई को फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल की जयंती पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन किया जाता है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.05.2024

## 'कला समेकित अधिगम'

'कला समेकित अधिगम' (AIL) अनुभवात्मक अधिगम की एक ऐसी रूपरेखा है जो सभी विद्यार्थियों के अपने अभिगम बिंदुओं (access points) के माध्यम से सीखने का एक समान वातावरण प्रदान करती है। 'कला समेकित वातावरण' में विद्यार्थी कला- गतिविधियों में संलग्न रहते हैं और इस माध्यम से नये अर्थ का सृजन करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत** दुनियाभर में सबसे ज्यादा **हथियार** खरीदने वाला देश है। हाल ही में आई एक **रिपोर्ट** के अनुसार,**साल 2025** से भारत में बाहरी देशों के **हथियारों** की खरीदी रोक दी जाएगी।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 384

## जोधपुर शहर की स्थापना राव जोधा ने कब की?

A. 11 मई 1459 ई. में

B. 12 मई 1449 ई. में

C. 12 मई 1459 ई. में

D. 13 जून 1459 ई. में



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

**TOB बूझो तो जानें..**



400

वह कौन सा देश है, जहाँ एक भी ट्रैफिक सिंग्नल नहीं है .... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

10.05.2024 से शुरू

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

21. कौन-सा पुरस्कार 'क्रिकेट का ऑस्कर' कहलाता है? – आई.सी.सी.पुरस्कार
22. 'क्रिकेट का मक्का' किस खेल मैदान को कहा जाता है? – लॉर्ड्स (लार्ड्स, देश – लंदन)
23. 'क्रिकेट खेल का जन्मदाता' किस देश को कहा जाता है? – इंग्लैंड को
24. क्रिकेट खेल का प्रसिद्ध आयोजन स्थल 'शारहजाह' (शारजाह) किस देश में है? – संयुक्त अरब अमीरात में
25. क्रिकेट पिच की लम्बाई कितनी होती है? – 20.12 मीटर
26. क्रिकेट से संबंधित 'प्रेमदासा स्टेडियम' कहाँ स्थित है? – कोलम्बो (श्रीलंका) में
27. 'चमत्कारी सचिन' पुस्तक के लेखक कौन हैं? – लोकेश थानी
28. डी. बी देवधर (दिनकर बलवंत देवधर) किस खेल से सम्बंधित थे? – क्रिकेट
29. सर डोनाल्ड जॉर्ज ब्रेडमैन (डॉन ब्रैडमैन) किस खेल के महान खिलाड़ी थे? – क्रिकेट के (ऑस्ट्रेलिया के)
30. 'नेटवेस्ट ट्रॉफी' किस खेल से संबंधित है? – क्रिकेट से




/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मां
12 मई
हर इंसान की जिंदगी में वो खास होती है,दूर होकर भी दिल के पास होती है।
जिसके सामने मौत भी सर झुका लेती है,वो और कोई नही बस मां होती है।
हैप्पी मदर्स डे
Madhu priya

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस




**अपनी ममतामयी सेवा और समर्पण से अपनी अलग पहचान बनाने वाली समस्त नर्सों को "अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**Madhu priya**

/teachersofbihar

12 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हाथ में तलवार हिंसक मन का एक निश्चित संकेत है लेकिन कोई तलवार फेंकने से कोई अहिंसक नहीं हो जाता।



**विनोबा भावे**

राकेश कुमार